सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-362
23/08/2017

सरकारी खजाने पर बाढ़ पीड़ितों का पहला अधिकार :– मुख्यमंत्री

पटना, 23 अगस्त 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज जिला प्रशासन अररिया द्वारा बाजार समिति अररिया के प्रांगण में चलाये जा रहे फूड पैकेटिंग केन्द्र तथा रानीगंज प्रखण्ड के हांसा पंचायत में चल रहे सामुदायिक किचेन एवं बाढ़ राहत सामग्री केन्द्र का निरीक्षण किया और वरीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने हांसा में चल रहे बाढ़ राहत सामग्री केन्द्र में बाढ़ पीड़ित लोगों के लिये बनाये जा रहे फूड पैकेट्स में डाली जा रही सभी सामग्रियों का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने फूड पैकेट्स में डाले जा रहे सामग्रियों का वजन भी देखा।

मुख्यमंत्री ने बाढ़ पीड़ित बच्चों के बीच स्वयं बिस्किट का वितरण किया तथा अन्य बाढ़ पीड़ितों के बीच भी राहत सामग्रियों का स्वयं वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने बाढ़ पीड़ितों को संबोधित करते हुये कहा कि सरकारी खजाने पर बाढ़ पीड़ितों का पहला अधिकार है। उन्होंने कहा कि अभी जो भी राहत सामग्री मिल रही है, वह अंत नहीं है बल्कि लोगों के क्षति का आकलन कर उन्हें सामान के लिये, घर के लिये एवं फसल नुकसान के लिये भी राशि उपलब्ध करायी जायेगी। उन्होंने कहा कि बाढ़ पीड़ितों को हरसंभव सहायता पहुँचायी जायेगी।

इस अवसर पर मुख्य सचिव श्री अंजनी कुमार सिंह, प्रधान सचिव आपदा प्रबंधन श्री प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, आयुक्त पूर्णिया प्रमण्डल सुश्री टी0एन0 बिन्धेश्वरी, जिलाधिकारी अररिया, पुलिस अधीक्षक अररिया सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******